**आकाशवाणी श्री विजयपुरम**

दिनांक : 06.10.2024 समय : 1905

<><><><><><><>

- रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन– डीआरडीओ ने चौथी पीढी की कम दूरी वाली हवाई रक्षा प्रणाली की तीन परीक्षण उड़ान सफलतापूर्वक पूरी कर ली है।
- एक राष्ट्र–एक चुनाव के लिए गठित समिति के अध्यक्ष और पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविन्द ने कहा कि पूरे भारत में एक साथ चुनाव कराने से देश को लाभ होगा।
- मायाबंदर के डॉ. आर पी. अस्पताल के ज़िला टीबी केन्द्र की ओर से टीबी के लिए जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।
- राज्य शिक्षा संस्थान, शिक्षा सदन की ओर से उल्लास–नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत राज्य साक्षरता केंद्र के कोर समिति सदस्यों की एक बैठक आयोजित की गई।
- युवा छात्रों की रचनात्मकता और कलात्मक अभिव्यक्ति को प्रोत्साहित करने के लिए जिला स्तरीय चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

<><><><><><><>

रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन– डीआरडीओ ने चौथी पीढी की कम दूरी वाली हवाई रक्षा प्रणाली की तीन परीक्षण उड़ान सफलतापूर्वक पूरी कर ली है। यह परीक्षण राजस्थान के पोखरन फील्ड फायरिंग रेंज में किया गया। इन परीक्षणों में काफी ऊंचाई और गति के साथ लक्ष्य को भेदा गया। एक वक्तव्य में रक्षा मंत्रालय ने बताया कि इन परीक्षणों में अस्त्र प्रणाली की मारक क्षमता की बार–बार पुष्टि हुई है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सफल परीक्षण पर डीआरडीओ, सशस्त्र बलों और उद्योग को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि नई मिसाइल से, हवाई ख़तरों से निपटने में सशस्त्र बलों को मज़बूती मिलेगी।

<><><><><><><>

एक राष्ट्र–एक चुनाव के लिए गठित समिति के अध्यक्ष और पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविन्द ने कहा है कि पूरे भारत में एक साथ चुनाव कराने से देश को बहुत लाभ होगा। नई दिल्ली में कल लाल बहादुर शास्त्री स्मृति व्याख्यान में उन्होंने कहा कि एक साथ चुनाव होने से बेहतर प्रशासन, नीतिगत स्थिरता, सामाजिक एकजुटता और आर्थिक विकास के साथ वैश्विक रूप से प्रतिस्पर्धी बन सकते हैं। श्री कोविन्द ने कहा कि यह सिफारिश अधिक समावेशी और समृद्ध भविष्य के लिए बुनियादी सुधार साबित होगी।

<><><><><><><>

मायाबंदर के डॉ. आर पी. अस्पताल के ज़िला टीबी केन्द्र ने जवाहर नवोदय विद्यालय पंचवटी में टीबी के लिए कल जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य टीबी जैसी बीमारी का शीघ्र पता लगाना और उसके रोकथाम को बढ़ाना है। बिल्लीग्राउंड प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र की चिकित्सा अधिकारी डॉ. शैलजा, जवाहर नवोदय विद्यालय की प्रिन्सिपल जॉली विन्सेंट ने इस अभियान का समन्वय किया। टीबी कार्यालय के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. प्रबीर कुमार पालित की देखरेख में विभाग के अन्य कार्यकर्ता और आशा कार्यकर्ताओं के सहयोग से इस शिविर को चलाया गया। इस शिविर में लगभग एक सौ चौतीस छात्रों की जांच की गई, जिनमें से दस संभावित टीबी मामले को थूक जांच के लिए भेजा गया।

<><><><><><><>

स्वच्छ भारत अभियान के तहत आज वाई.जे.आर. सेवा फाउंडेशन ने अंडमान हेल्पिंग हैंड्स, अल्लू अर्जुन आर्मी अंडमान, नगर परिषद और स्थानीय मछुआरा समिति के सहयोग से एफ.एल.सी. जेट्टी जंगलीघाट में स्वच्छता अभियान चलाया। इस अभियान के दौरान, इकसठ स्वयंसेवकों ने भाग लिया और एफ.एल.सी. जेट्टी जंगलीघाट के आसपास से कुल

अट्ठाईस बैग कचरा एकत्र किया गया, जिसमें सभी प्रकार का मिश्रित कचरा जैसे प्लास्टिक सामग्री, टेट्रा पैक, पानी की बोतलें, प्लास्टिक की थैलियां शामिल थीं। कार्यक्रम की समाप्ति में स्वयंसेवकों ने उत्साह और देशभक्ति के साथ स्वच्छ अंडमान–हरित अंडमान के नारे लगाए। वार्ड नम्बर.– चौदह के पार्षद वाई. जोगा राव और वाई.जे.आर. सेवा फाउंडेशन के अध्यक्ष ने प्रत्येक स्वयंसेवक को उनकी भागीदारी और समर्थन के लिए आभार व्यक्त किया।

<><><><><><><>

राज्य शिक्षा संस्थान, शिक्षा सदन ने हाल ही में शिक्षा सदन के सम्मेलन हॉल में उल्लास–नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत राज्य साक्षरता केंद्र के कोर समिति सदस्यों की एक बैठक आयोजित की। बैठक का उद्देश्य भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय की वयस्क साक्षरता के लिए उल्लास पहलों के बेहतर कार्यान्वयन और दो हजार सत्ताईस तक इन द्वीपों को सौ प्रतिशत साक्षर बनाने पर केंद्रित था। बैठक में निर्वाचित जन–प्रतिनिधि, जिला परिषद अध्यक्ष एम. रजनी, नगर परिषद अध्यक्ष सुदीप राय शर्मा, शिक्षा निदेशक, आदित्य कुमार झा, उप–प्रमुख पंचायत समिति डी. सत्य नारायण, समाज कल्याण विभाग के प्रतिनिधि और शिक्षा विभाग के वरिष्ठ अधिकारी सहित राज्य नोडल अधिकारी उल्लास एस. सुरेश कुमार और राज्य शिक्षा संस्थान के संकाय सदस्य उपस्थित थे। राज्य शिक्षा संस्थान की प्राचार्य संगीता चंद ने उपस्थित लोगों का स्वागत करते हुए बताया कि यह कार्यक्रम हितधारकों जैसे पन्द्रह से सौ आयु वर्ग के शिक्षार्थियों के बीच जागरूकता पैदा करने के लिए जिम्मेदार होगा, ताकि सौ प्रतिशत साक्षरता हासिल की जा सके। उल्लास–नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के कार्यक्रम समन्वयक ने पावर प्वाइंट प्रस्तुति के माध्यम से इस कार्यक्रम के उद्देश्य को विस्तार से बताया।

<><><><><><><>

युवा छात्रों की रचनात्मकता और कलात्मक अभिव्यक्ति को प्रोत्साहित करने के लिए जिला स्तरीय चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया। हाल ही में आयोजित इस कार्यक्रम में स्कूली छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और सामाजिक विषयों पर अपनी प्रतिभा और जागरूकता का प्रदर्शन किया। इस कार्यक्रम में कुल एक सौ तीस छात्रों ने भाग लिया। प्रतियोगिता का आयोजन स्वच्छता ही सेवाः स्वच्छ और हरित, उत्तर और मध्य अंडमान को बढ़ावा देना; ड्रग्स को न कहेंः, बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओः, बेटियों को सशक्त बनाना और राष्ट्र को शिक्षित करना; पर्यटन को बढ़ावा देनाः उत्तर और मध्य अंडमान की सुंदरता की खोज करना और कुपोषण मुक्त उत्तर और मध्य अंडमानः क्षेत्र के लिए स्वस्थ भविष्य का पोषण करना जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर किया गया। इस पहल का उद्देश्य युवा प्रतिभागियों में सामुदायिक जिम्मेदारी और जागरूकता की भावना को बढ़ावा देना और उन्हें रचनात्मक रूप से अपने विचार व्यक्त करने के लिए एक मंच प्रदान करना था। इस कार्यक्रम ने छात्रों को महत्वपूर्ण सामाजिक विषयों से जुड़ने और कलात्मक कौशल को बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित किया। जिला प्रशासन ने इस आयोजन को सफल बनाने में उनकी सक्रिय भागीदारी और समर्थन के लिए स्कूलों और छात्रों को बधाई दी।

<><><><><><><>

अवैध शराब के कारोबार से निपटने के लिए बिल्लीग्राउंड, पुलिस ने कल कोरंग नाला जंगल क्षेत्र में छापेमारी की। अवैध गतिविधियों के चल रहे संदेह के कारण यह स्थान निगरानी में था। तलाशी के दौरान, टीम ने शराब के अवैध आसवन के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले उपकरणों की एक महत्वपूर्ण श्रृंखला का पता लगाया और उसे जब्त कर लिया। जब्त की गई वस्तुओं में दो भट्टियां, नौ नग लोहे के ड्रम जिनमें दो हजार लीटर लेहन और दो नग आधे ड्रम और अन्य संबंधित भट्टी सामग्री शामिल हैं। इसके बाद, पुलिस दल ने जब्त किए गए लेहन और अन्य भट्टी सामग्री को मौके पर ही नष्ट कर दिया। इस पूरे कार्य को पुलिस अधीक्षक गीतांजलि खण्डेवाल के निर्देशन में बिल्लीग्राउंड थानाप्रभारी शिजू कुमार के नेतृत्व में अंजाम दिया गया। आम जनता से अनुरोध है कि वे किसी भी अपराध या अवैध गतिविधियों से संबंधित कोई भी जानकारी पुलिस को दें।

<><><><><><><>

भाजपा के पूर्व अध्यक्ष विशाल जॉली ने भाजपा के दक्षिण अण्डमान जिला के उपाध्यक्ष और पूर्व प्रधान ए. वी. मणिक्कम के निधन पर शोक प्रकट किया है। इनका आज निधन हो गया।

<><><><><><><>

अण्डमान निकोबार फुटबॉल एसोसिएशन की आम सभा की बैठक अगले महीने नौ नवम्बर को होगी। इस बैठक में सभी कार्यकारी सदस्यों को उपस्थित रहने को कहा गया है।

<><><><><><><>

द्वीपसमूह के अधिकांश भागों में वर्षा हुई। हटबे में आज सुबह साढ़े आठ बजे तक सैतालिस दशमलव चार मिलीमीटर, वायु सेना केन्द्र कार निकोबार में ग्यारह दशमलव दो, कार निकोबार में नौ, मायाबंदर में आठ दशमलव दो, श्री विजयपुरम में छह दशमलव आठ, ननकौड़ी मे चार दशमलव चार और लांग आइलैंड में एक दशमलव आठ मिलीमीटर वर्षा रिकॉर्ड की गई। कल तक के लिए मौसम संबंधी पूर्वानुमान में बताया गया है कि द्वीपों के अधिकांश भागों में हल्की से मध्यम वर्षा होगी।

<><><><><><><>